भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1427
गुरूवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## गुजरात में बौद्ध सर्किट का विकास

**1427 श्री नरहरी अमीन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को गुजरात सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत अरावली जिले में देवनी मोरी सहित 12 विरासत स्थलों पर बौद्ध सर्किट विकसित करने संबंधी शुरू किए गए पहल की जानकारी है, और क्या मंत्रालय ने देवनी मोरी के विकास के लिए प्रस्तुत 653 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की समीक्षा की है;

(ख) स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत इस परियोजना के लिए केंद्र-राज्य वित्त पोषण हिस्सेदारी का ब्यौरा क्या है, और क्या अन्य राज्यों से इसी तरह के प्रस्तावों पर विचार किया गया है या उन्हें अनुमोदित किया गया है; और

(ग) गुजरात में इन 12 स्थलों पर भूमि अधिग्रहण और अवसंरचना के विकास की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय ने देश में विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन (एसडी) नामक एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना शुरू की और वर्ष 2018-19 तक 5290.30 करोड़ रु. की लागत वाली 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनमें गुजरात राज्य में 3 परियोजनाओं सहित 12 स्थलों को कवर करने वाले बौद्ध सर्किट में 1 परियोजना भी शामिल है। गुजरात में एसडी योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

गुजरात सरकार ने सूचित किया है कि, उनके द्वारा नवंबर, 2018 में पर्यटन मंत्रालय को देवनी मोरी के लिए 653.15 करोड़ रु. की संशोधित परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। हालाँकि, 2018-19 के बाद, स्वदेश दर्शन योजना समीक्षाधीन थी। पर्यटन मंत्रालय ने मार्च, 2021 और नवंबर, 2021 में राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को जारी अपने पत्र के माध्यम से सूचित

किया कि योजना की समीक्षा के दौरान, उनके द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव वापस कर दिए गए माने जाएँगे।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से इस योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है। गुजरात सरकार ने अपने राज्य की संदर्शी योजना प्रस्तुत की और स्वदेश दर्शन के अंतर्गत विचारार्थ देवनी मोरी सहित कई पर्यटन स्थलों का प्रस्ताव रखा। पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 के अंतर्गत 'धोलावीरा' और 'द्वारका' को चिह्नित किया है। स्वदेश दर्शन 2.0 केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसके अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय द्वारा 100% धनराशि स्वीकृत की जाती है। तदनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने देश में एसडी 2.0 के अंतर्गत 52 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2024-25 में गुजरात में स्वदेश दर्शन की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक एक उप-योजना के तहत निम्नलिखित परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है:

| **क्र. सं.** | **परियोजनाओं का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 1. | शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: वडनगर में प्रकाश और संस्कृति | 17.28 |
| 2. | हरसिद्धि तट, पोरबंदर में पवित्र महासागर आश्रय स्थल | 24.66 |
| 3. | टीएचओएल: परिवर्तनकारी पर्यटन सौहार्दपूर्ण स्थायित्व, अनुकूलित कौशल अग्रणी प्रौद्योगिकी | 9.96 |

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने वर्ष 2024-25 में गुजरात में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत निम्नलिखित परियोजनाओं को मंजूरी दी है:

| **क्र. सं.** | **परियोजनाओं का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 1. | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में पारिस्थितिकी पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| 2. | धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 |

स्वदेश दर्शन 2.0 के योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, विकास हेतु भूमि अधिग्रहण वित्तपोषण के लिए एक अस्वीकार्य (नॉन-एडमिसिबल) घटक है।

गुजरात सरकार ने सूचित किया है कि प्रारंभिक मास्टर प्लान के अनुसार, देवनी मोरी स्थल के विकास के लिए लगभग 206 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। इसमें से 28 हेक्टेयर भूमि पहले ही कब्जे में है। आगे यह भी बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में, गुजरात सरकार के

पर्यटन विभाग ने देवनी मोरी के विकास सहित नई मद "प्रतिष्ठित गंतव्य विकास" के अंतर्गत बजटीय प्रावधान किया है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री नरहरी अमीन द्वारा गुजरात में बौद्ध सर्किट का विकास के संबंध में दिनांक 31.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1427 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**गुजरात राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारडोली - दांडी का विकास | विरासत परिपथ 2016-17 | 59.17 |
| 2. | वडनगर - मोढेरा का विकास | विरासत परिपथ 2016-17 | 91.12 |
| 3. | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | बौद्ध परिपथ 2017-18 | 26.68 |

*****

**अनुबंध-II**

श्री नरहरी अमीन द्वारा गुजरात में बौद्ध सर्किट का विकास के संबंध में दिनांक 31.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1427 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत देश में स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

| क्र.सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2023-24 | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 |
| 6. | असम | 2023-24 | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 |
| 7. | असम | 2023-24 | जोरहाट | रीइमैजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.88 |
| 8. | बिहार | 2024-25 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 165.44 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कबीरधाम जिला | 145.99 |
| 10. | दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव | 2024-25 | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 147.13 |
| 11. | गोवा | 2023-24 | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 24.07 |
| 12. | गोवा | 2023-24 | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 19.98 |
| 13. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 26.68 |
| 14. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प | 65.82 |
| 15. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | माँ चिंतपूर्णी मंदिर (जिला | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 56.26 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | - ऊना) | | |
| 16. | कर्नाटक | 2023-24 | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.63 |
| 17. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.71 |
| 18. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.48 |
| 19. | केरल | 2023-24 | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 |
| 20. | केरल | 2024-25 | अलप्पुझा | अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 93.17 |
| 21. | केरल | 2024-25 | मलमपुझा | मालमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 75.87 |
| 22. | लद्दाख | 2023-24 | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 23.16 |
| 23. | लद्दाख | 2023-24 | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 11.91 |
| 24. | लक्षद्वीप | 2024-25 | बंगारम | बंगाराम में पर्यटक अनुभव का संवर्धन | 81.18 |
| 25. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 |
| 26. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 |
| 27. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | पीताम्बरा पीठ, दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 44.24 |
| 28. | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 |
| 29. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 |
| 30. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 |
| 31. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुह्वम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट अनुभव | 38.85 |
| 32. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 33.87 |
| 33. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 |
| 34. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 |
| 35. | नागालैंड | 2024-25 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 32.54 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 36. | पुदुचेरी | 2023-24 | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 |
| 37. | पंजाब | 2023-24 | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 |
| 38. | पंजाब | 2023-24 | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 |
| 39. | राजस्थान | 2023-24 | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 21.65 |
| 40. | राजस्थान | 2024-25 | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 87.87 |
| 41. | राजस्थान | 2024-25 | करणी माता मंदिर, बीकानेर जिला | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 22.57 |
| 42. | राजस्थान | 2024-25 | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 48.73 |
| 43. | सिक्किम | 2023-24 | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 |
| 44. | सिक्किम | 2023-24 | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 |
| 45. | तमिलनाडु | 2023-24 | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 |
| 46. | तेलंगाना | 2023-24 | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 |
| 47. | तेलंगाना | 2023-24 | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 |
| 48. | त्रिपुरा | 2024-25 | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा हेरिटेज विलेज और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 48.94 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.8 |
| 51. | उत्तराखंड | 2023-24 | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 17.86 |
| 52. | उत्तराखंड | 2023-24 | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 19.89 |
| **कुल राशि** | | | | | **2108.87** |

*****